पत्र सं0:एडी0कमि0(पुलिस)-पु0बल /कार्यमुक्ति आदेश// 2021-22 // 620 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर,वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश

(पुलिस--कैम्प)

दिनांक::लखनऊ::फरवरी 24 ,2022

समस्त,

एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश ।

मुख्यालय के पत्र संख्या-584 दिनांक 31-01-2022 द्वारा वाणिज्य कर विभाग में प्रतिनिनियुक्ति पूर्ण करने वाले पुलिस कर्मियों को (दिनांक 01-02-2022 से दिनांक 11-03-2022 तक की अवधि के) कार्यमुक्त न किये जाने के निर्देश दिये गये थे।

समसंदर्भ में दिनांक 01-02-2022 से दिनांक 11-03-2022 तक प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण कर चुके पुलिस कर्मियों को कार्यमुक्त करने की तिथि 12-03-2022 नियत की जाती है। अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने-अपने जोन से संबंधित पुलिस कर्मियों को निर्धारित तिथि पर उन्हें कार्यमुक्त करते हुए कृत कार्यवाही से सर्वसम्बन्धित सहित अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें। यदि निर्धारित तिथि तक उक्त पुलिस कर्मियों को कार्यमुक्त नहीं किया जाता है तो उसका पूर्ण उत्तर दायित्व आपका होगा।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12-03-2022 के बाद से प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण करने वाले पुलिस कर्मी पूर्ववत निर्धारित तिथि पर ही कार्यमुक्त होगें।

(प्रकाश स्वरूप पाण्डेय)
आई0 पी0 एस0,
एडीशनल कमिश्नर (पुलिस) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी, वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को कमिश्नर महोदया के अवलोकनार्थ।

2- प्रभारी-प्रतिनियुक्ति प्रकोष्ठ मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ।

3- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

एडीशनल कमिश्नर (पुलिस) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।